1

BIHAR STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A Bihar Government undertaking)Beltron Bhawan, Shastri Nagar,
Patna – 800 023. Bihar,(India)
Help desk No.0612-2281814, 2281815

पत्रांक : 678/2024 दिनांक: 02/02/2024

डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन की सूचना ।

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० (बेल्ट्रॉन) मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों/निकायों के अधियाचनाओं के विरूद्ध संविदा के आधार पर डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सेवा उपलब्ध करायी जाती है। बेल्ट्रॉन की एजेन्सी के माध्यम से सेवा देने के इच्छुक अभ्यर्थी डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 20.02.2024 (मंगलवार) से निगम के वेबसाईट https://bsedc.bihar.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से वे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

1. **शैक्षणिक योग्यता :**

- 10+2 पास एवं एक वर्ष का कम्प्यूटर कोर्स तथा हिन्दी या अंग्रेजी टाईपिंग का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी अथवा 10+2 पास एवं BSDM (बिहार कौशल विकास मिशन) द्वारा 400 घंटे (DDEO) (डोमेस्टिक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) कम्प्यूटर प्रशिक्षित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले सफल अभ्यर्थी।

2. **उम्र सीमा :**

- आवेदन करने की अंतिम तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 59 वर्ष।

3. **परीक्षा शुल्क :–**

- केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए – 250.00 (दो सौ पचास) रूपये।
- बिहार राज्य की स्थायी निवासी सभी (आरक्षित/अनारक्षित वर्ग) महिला उम्मीदवारों के लिए – 250.00 (दो सौ पचास) रूपये।
- दिव्यांग (40% दिव्यांगता या उससे अधिक) अभ्यर्थियों के लिए – 250.00 (दो सौ पचास) रूपये।
- सामान्य आरक्षण कोटि एवं अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए – 1000.00 (एक हजार) रूपये।

(अभ्यर्थी को उपर्युक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निर्धारित चार्ज भी देना होगा, जिसे ऑनलाईन भुगतान के क्रम में बैंक द्वारा स्वतः बैंक चार्ज के रूप में ले लिया जाएगा)

4. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है :–**

1.	Date of Publication of Notice for registration	20.02.2024
2.	Start date of registration	20.02.2024
3.	End date of registration	15.03.2024

- परीक्षा का सिलेबस नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) के डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के सिलेबस (कोड संख्या 336) के समान होगा। सिलेबस निगम के वेबसाईट https://bsedc.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
- कम्प्यूटर आधारित MCQ (Multiple Choice Question) परीक्षा एक घंटे की होगी जिसमें 60 वस्तुनिष्ट MCQ प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें उत्तीर्णता हेतु 50% अंक लाना आवश्यक होगा। MCQ परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं रहेगा। MCQ परीक्षा के पश्चात उसी दिन कुछ अंतराल के बाद टाईपिंग की दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो के टाईपिंग की दक्षता परीक्षा कम्प्यूटर पर ली जायगी। प्रत्येक टाईपिंग परीक्षा टेस्ट के बीच उचित अन्तराल होगा। हिन्दी टाईपिंग टेस्ट मंगल फौन्ट (Mangal Font) तथा रेमिंगटन गेल (Remington-Gail) की–बोर्ड (Key-Board Layout) पर ली जायगी। **दक्षता का स्तर अंग्रेजी में न्यूनतम 30 WPM (Correct Words) या हिन्दी में न्यूनतम 25 WPM (Correct Words) होगा।**
- **निर्धारित दक्षता स्तर पर महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अभ्यर्थियों को प्रत्येक स्तर के मूल्यांकन में 10% तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों (सक्षम पदाधिकारी द्वारा प्रदत न्यूनतम 40% दिव्यांगता का प्रमाण पत्र) को 15% की अधिमानता दी जायगी। परीक्षा उपरान्त अभ्यर्थियों के लिए कट ऑफ अंक निर्धारित कर पैनल संधारित किया जाएगा।**
- सेवा प्रदाता एजेन्सी, रजिस्टर्ड तथा गुणवत्ता परीक्षित अभ्यर्थियों का पैनल संधारित करेगा। अधियाचनाएँ प्राप्त होने पर इस पैनल से अभ्यर्थियों के सेवा की मांग की जा सकती है। सेवा देने हेतु इन अभ्यर्थियों को एजेन्सी से परस्पर स्वीकार्य एग्रीमेंट करना होगा। एकरारनामें की व्यवस्था अभ्यर्थियों के बेल्ट्रॉन या अधियाची विभागों में नियुक्ति का आधार नहीं होगा।
- **हिन्दी टाईपिंग परीक्षा के प्राप्तांक के अनुक्रम में मेधा सूची आधारित पैनल बनाई जायेगी तथा विभागों/कार्यालयों/निकायों से प्राप्त अधियाचना के विरूद्ध पैनल से प्रतिनियुक्ति में 100 Point आरक्षण रोस्टर के अनुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।**
- ऑनलाईन आवेदन फार्म के अनुसार आवेदको द्वारा निर्देशानुसार फार्म भरे जाएगें एवं कागजात/प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
- **उम्मीदवारों को फार्म भरने में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। अपूर्ण एवं गलत कागजात वर्णित स्थान पर upload नहीं करने की स्थिति में भी आवेदन अस्वीकार कर दिये जाएगें।**
- समय–समय पर इस संबंध में निगम के website https://bsedc.bihar.gov.in पर सूचनाएँ प्रकाशित की जा सकती है। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने पर परीक्षा की तिथि, समय एवं केन्द्र अंकित होगा।
- यदि कोई समस्या/शिकायत हो तो **हेल्प लाईन नं० 0612–2281814, 2281815** पर कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते है।

प्रबन्ध निदेशक ५/२/२५